
UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-211 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 14 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी में बहुत बड़े पैमाने पर तबादला, 100 से ज्यादा एसडीएम समेत 182 पीसीएस अफसरों का ट्रांसफर



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** रविवार की देर रात पीसीएस अधिकारियों का ताबड़तोड़ तबादला कर दिया गया। पहले दस पीसीएस अफसरों की लिस्ट जारी हुई। इसके कुछ देर बाद ही एक साथ 182 अधिकारियों के ट्रांसफर की लिस्ट जारी हो गई।

इसमें 100 से ज्यादा उपजिलाधिकारी (एसडीएम) हैं। इन तबादलों में यूपी के लगभग सभी जिलों के अधिकारी शामिल हैं। उपजिलाधिकायों के अलावा आवास विकास परिषद के सहायक आवास आयुक्त, वक्फ बोर्ड न्यायाधीकरण के रजिस्ट्रार, लखनऊ के सहायक नगर आयुक्त, स्थानीय निकाय निदेशालय के सहायक निदेशक भी शामिल हैं। इसके अलावा उपशा की विशेष कार्याधिकारी कानपुर विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा के विशेष कार्याधिकारी, नोएडा औद्योगिक प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी, अलीगढ़ नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी, काशी विकास विशेष परिषद के विशेष कार्यधिकारी, मथुरा नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, विशेष कार्याधिकारी राजस्व परिषद शामिल हैं। कानपुर विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी, गाजियाबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, प्रयागराज नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, अयोध्या नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त और भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी शामिल हैं। बहराइच में समाज कल्याण विभाग की अनुदानित योजना में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई शासन स्तर से गठित तीन सदस्यीय जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। योजना के तहत पात्र अभ्यर्थियों को बैंकों के माध्यम से वित्तीय सहायता देकर उन्हें छोटे उद्योग और सेवा क्षेत्र में स्थापित किया जाना था। बताया जा रहा है कि योजना के क्रियान्वयन में अनियमितता और अपात्रों को लाभ देने की शिकायतें शासन को मिली थीं। इसके बाद प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने मामले की जांच के लिए संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की। इसने अभिलेखों, लाभार्थियों के चयन और ऋण वितरण प्रक्रिया की जांच की। इसमें कई बिंदुओं पर मानकों का उल्लंघन और पारदर्शिता की कमी पाई गई। जांच रिपोर्ट शासन को सौंपे जाने के बाद प्रमुख सचिव ने जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडेय को निलंबित करते हुए विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने निलंबन की पुष्टि की है। योजना का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन इसमें बरती गई लापरवाही से मंशा पर सवाल उठे। अब नए सिरे से लाभार्थियों के चयन और ऋण वितरण की प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद विभागीय कर्मियों में हड़कंप है। शासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## रुचि वीरा...कमाल अख्तर और अब आनंद भदौरिया! अखिलेश यादव के लिए सिरदर्द बन रहे हैं ये नेता?

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के अंदर मची उठापटक और नेताओं के बीच असंतोष खुलकर सामने आने लगा है, जिससे पार्टी की राह बेहद मुश्किल होती दिखाई दे रही हैं. एक तरफ कांग्रेस से गठबंधन को लेकर हो रही बयानबाजी और दूसरी तरफ सपा के अपने ही चुनाव से पार्टी के मुश्किलें बढ़ाते दिख रहे हैं.

यूपी चुनाव से पहले सपा में घमासान तेज होता जा रहा है. मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा और पूर्व सपा सांसद एसटी हसन के बीच तल्खी अभी शांत नहीं हो पाई हैं इस बीच सपा सांसद आनंद भदौरिया ये कहकर प्रदेश में सियासी हलचलें तेज कर दी है कि 2027 के चुनाव में सिफारिश से कोई टिकट नहीं मिलेगा. सपा अध्यक्ष ही ये तय करेंगे कि उम्मीदवार कौन होगा. सपा सांसद आनंद भदौरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर ये बात कही. उन्होंने कहा कि मैं साफ कहना चाहता हूं कि पार्टी उनके क्षेत्र की पांचों सीटों पर जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी भले ही उसने हमारी खिलाफत की हों, मैं ईमानदारी से (क्योंकि कभी पार्टी के खिलाफ नहीं जा सकता) उसे जिताने का प्रयास करूंगा. जिसे भी टिकट चाहिए वो सीधे अखिलेश यादव जी से संपर्क करें. रही बात 2029 की तो मालिक की मर्जी के बग़ैर पत्ता नहीं हिलता. आनंद भदौरिया के बयान से साफ है कि पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. उनसे पहले मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा ने पीडीए कार्यक्रम में उन्हें नहीं बुलाए जाने पर तीखी नाराजगी जताई थी और सपा नेता एसटी हसन और विधायक कमाल अख़्तर के खिलाफ खुलकर विरोध जताया और कहा कि सपा मुखिया को ऐसे जयचंदों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए. ये मामला लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तक भी पहुँच गया. सूत्रों के मानें तो रुचि वीरा और कांठ से सपा विधायक कमाल अख्तर इस दौरान सपा मुखिया के सामने ही भिड़ गए. जिसके बाद कमाल अख़्तर ने विधानमंडल के मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा दे दिया. अखिलेश यादव ने कमाल अख्तर को उस समय मुख्य सचेतक बनाया था जब मनोज पांडेय बागी होकर बीजेपी के साथ चले गए थे. समाजवादी पार्टी इन दिनों मिशन 2027 में जुटी हुई हैं. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फॉर्मूले के ज़रिए अपने जनाधार को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं. ऐसे में पार्टी नेताओं के बीच की गुटबाजी से आगामी चुनाव की तैयारियों पर असर पड़ सकता है. अगर इसी तरह आपसी मतभेद खुलकर सामने आए तो पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी होना तय है.

## टूट जाएगा सपा-कांग्रेस का गठबंधन? अभी से दिखने लगी तकरार, इमरान मसूद ने बोला हमला तो सपाइयों ने घेरा

( यंग भारत न्यूज )



कांग्रेस बनाम समाजवादी पार्टी के विवाद में एक नया अध्याय जुड़ गया है. कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने सीधे तौर पर अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है. उनके अनुसार, समाजवादी पार्टी नहीं चाहती कि कोई भी मुस्लिम नेता खुलकर अपनी बात रखे.इमरान मसूद ने पहले भी कहा था कि जब मस्जिदों पर कथित हमले होते हैं, तब अखिलेश यादव मुसलमानों के पक्ष में कुछ नहीं बोलते. इसके अलावा उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए बेताब है. क्योंकि बिना कांग्रेस के उनके पास उतनी सीटें नहीं आ पातीं. इससे पहले भी दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे की राजनीतिक स्थिति पर सवाल उठाए थे और तीखी बयानबाजी की थी. वहीं सपा सांसद राजीव राय ने इमरान मसूद के बयानों पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी साथ में थी तभी इमरान मसूद चुनाव जीते. अहसान मानना चाहिए. निजी एजेंडा न चलाएं इमरान मसूद. अगर ऐसा करेंगे तो जनता माफ़ नहीं करेगी. इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी का कोई नेता नहीं हमला करता. व्यक्तिगत तौर पर निवेदन किया है मैंने इमरान मसूद से की एजेंडा न चलाएं और बीजेपी को हराएं.समाजवादी पार्टी के नेता अनुराग भदौरिया ने इमरान मसूद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इमरान मसूद भी ओपी राजभर के रास्ते पर चल रहे हैं. जहां वे ऐसी बातें करते हैं, जिनका कोई ठोस मतलब या तथ्य नहीं होता.

## इस देश में पुरुषों का पड़ा अकाल महिलाएं एक घंटे के लिए किराए पर ले रही पति, जानें क्यों कम हो रहे पुरुष..

( यंग भारत न्यूज )



यूरोप का छोटा सा देश लातविया अपनी खूबसूरत और समझदार महिलाओं के लिए दुनिया भर में मशहूर है, लेकिन यही सुंदरियां आज अजीबोगरीब समस्या से जूझ रही हैं. देश में पुरुषों की भारी कमी हो गई है.आंकड़े बताते हैं कि लातविया में महिलाएं पुरुषों से ज्यादा पढ़ी-लिखी, स्वस्थ और लंबी उम्र जीती हैं. नतीजा यह कि कई युवा पुरुष बेहतर नौकरी और जीवन की तलाश में विदेश भाग रहे हैं, जिससे घर पर रह गईं स्मार्ट और सिंगल महिलाओं के लिए पार्टनर ढूंढना मुश्किल हो गया है.

इस अनोखी समस्या का हल भी महिलाओं ने खुद ही निकाला है. वे अब 'एक घंटे का पति' किराए पर ले रही हैं. जी हां, रीगा और अन्य शहरों में कई कंपनियां ऐसी सर्विस चला रही हैं, जहां महिलाएं फोन या ऑनलाइन बुकिंग करके कुछ यूरो में 'सुनहरे हाथों वाला आदमी' घर बुला सकती हैं. ये किराए के 'पति' प्लंबिंग ठीक करना, टीवी लगाना, फर्नीचर असेंबल करना, बल्ब बदलना या कोई भी घरेलू काम सिर्फ एक-दो घंटे में निपटा देते हैं.ज्यादातर सर्विस 60 मिनट के अंदर घर पहुंच जाती है. लातविया की मशहूर लेखिका और कॉलमिस्ट डेस रुक्साने ने इस स्थिति पर खुलकर बात की है. उन्होंने कहा, 'सबसे होशियार और सबसे खूबसूरत लड़कियां अकेली रह जाती हैं. वे ऐसे पार्टनर चाहती हैं जो उनकी बराबरी कर सके - पढ़ाई में, करियर में, सोच में. लेकिन ऐसे पुरुष यहां मिलते ही नहीं.' आंकड़े वाकई चौंकाने वाले हैं.लातविया में 100 महिलाओं के पीछे सिर्फ 84-85 पुरुष हैं. 50 साल से ऊपर की उम्र में यह अंतर और बढ़ जाता है. शराब, धूम्रपान और खराब जीवनशैली की वजह से लातवियाई पुरुषों की औसत उम्र महिलाओं से लगभग 10 साल कम है. नतीजतन, कई सफल और आत्मनिर्भर महिलाएं अकेलेपन का शिकार हो रही हैं. हालांकि ये 'किराए का पति' सिर्फ घरेलू कामों के लिए है, फिर भी सोशल मीडिया पर यह ट्रेंड खूब वायरल हो रहा है.कई महिलाएं मजाक में कहती हैं, 'शादी तो दूर, कम से कम नल ठीक करवाने वाला तो मिल गया!' कुछ का मानना है कि यह सर्विस महिलाओं को सशक्त भी बना रही है, क्योंकि उन्हें किसी पुरुष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ती. फिलहाल लातविया की ये सुंदरियां अपने करियर, दोस्तों और किराए के 'एक घंटे के पति' के साथ खुश हैं, लेकिन असली जीवनसाथी की तलाश अभी भी जारी है.इस कमी के पीछे उच्च पुरुष मृत्यु दर को भी बताया जा रहा है, जहां पुरुष कम उम्र में ही मर जाते हैं और आत्महत्या करने की संभावना चार गुना ज़्यादा होती है. देश की औसत आयु 44 वर्ष है, मृत्यु दर प्रति 1,000 पर 14.9 है और आत्महत्या करने वालों में 80 प्रतिशत से ज़्यादा पुरुष होते हैं.

# राम मंदिर पूरी तरह से सरकारी, हर विभाग में चोरी हो रही', दान चोरी मामले में क्या कह गए अनिरुद्धाचार्य

( यंग भारत न्यूज )

**मथुराः** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर दान चोरी के मुद्दे को लेकर माहौल गर्माया हुआ है। चर्चा है कि अब राम मंदिर में सीईओ की नियुक्ति की जाएगी। वहीं, मामले की एसआईटी की जांच जारी है और हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। इस बीच मथुरा के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने राम मंदिर दान चोरी के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। अनिरुद्धाचार्य ने कहा है कि सभी मंदिरों पर सरकार का नियंत्रण है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर क्या, सरकार के सभी विभागों में चोरी हो रही है।

अनिरुद्धाचार्य ने ये बातें न्यूज-24 चैनल से बातचीत में कहीं। राम मंदिर दान चोरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा, 'भले ही राम मंदिर में ट्रस्ट बना हुआ है, लेकिन वो मंदिर सरकारी ही है। सभी मंदिर सरकारी हैं, चाहे तिरुपति मंदिर हो या राम मंदिर। सरकार का कोई ऐसा विभाग नहीं बचा, जिसमें भ्रष्टाचार ना हो। सरकार अपने विभाग नहीं संभाल पा रही, मंदिर में चोरी कैसे रुकेगी। राम मंदिर क्या, सभी विभागों में चोरी हो रही है।

### राम मंदिर के दान से कितनी गौशालाएं बनीं- अनिरुद्धाचार्य

राम मंदिर को मिलने वाले दान पर अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि हर दिन वहां लाखों रुपये का चढ़ावा आता है। दान की जो रकम चुराई गई, उससे कितने गुरुकुल बन सकते थे, कितने बच्चे पढ़ सकते थे, कितनी गौशालाएं बन सकती थीं, कितने अस्पताल बन सकते थे, लेकिन नहीं बनाए गए। हमारे आश्रम तो छोटे-छोटे दान पर चल रहे फिर भी यहां गुरुकुल हैं, गौशाला हैं।





### सुप्रीम कोर्ट में दान चोरी मामला

आपको बता दें कि अयोध्या के राम मंदिर में दान चोरी का मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच गया है। इस मामले में याचिकाएं दाखिल कर मांग की गई है कि दान चोरी केस की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। फिलहाल यूपी सरकार की तरफ से गठित एसआईटी इस केस की जांच कर रही है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना इन याचिकाओं पर आज सुनवाई करेंगे। इससे पहले एसआईटी ने अपनी शुरुआती रिपोर्ट में बताया कि दान की गिनती के सिस्टम में कई खामियां थीं, जिनका फायदा उठाकर चढ़ावे की चोरी की गई। एसआईटी को सीसीटीवी में 70 बार दान की चोरी करते हुए फुटेज भी मिली। इस मामले में फिलहाल 8 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफा देने के बाद कृष्ण मोहन को कार्यकारी महासचिव बनाया गया है।

# जालौन में युवती के साथ हो गई सनसनीखेज घटना

### -जालौन में युवती से दुष्कर्म का आरोप, विवाह रुकवाने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत

### - लड़की बचाओ, लड़की पढ़ाओ के सरकारी नारे यहां हो गए बेमतलब



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । जालौन कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर उसकी 21 वर्षीय पुत्री के साथ लंबे समय तक दुष्कर्म करने, मारपीट करने तथा विवाह में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित परिवार ने आरोपी युवक एवं उसके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। फिलहाल मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है और पुलिस शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

शिकायती पत्र के अनुसार, आरोपी युवक किशोरावस्था से ही युवती का कथित रूप से शोषण करता रहा। परिवार का कहना है कि सामाजिक बदनामी के भय से उन्होंने पहले मामला सार्वजनिक नहीं किया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि पूर्व में आरोपी युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था, जिसके बाद पुलिस ने उसे बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। पीड़िता की मां के अनुसार, युवती का विवाह आगामी 15 जुलाई को निर्धारित है। आरोप है कि विवाह तय होने की जानकारी मिलने के बाद 9 जुलाई को आरोपी उनके घर में घुस आया और युवती पर अपने साथ चलने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उसने युवती के साथ मारपीट की तथा अभद्र हरकतें कीं। शोर सुनकर पहुंची पीड़िता की मां और छोटी बहन के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने विवाह के दिन दूल्हे की हत्या करने तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

वहीं आरोपी की मां पर भी गाली-गलौज करने और विवाह नहीं होने देने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई, परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा युवती का विवाह शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कराई जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिबंधित अवधि में अवैध मछली पकड़ने पर विभाग की कार्रवाई

### वाहन समेत 22 किलो मछली बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )** । मत्स्य प्रजनन संरक्षण के मद्देनजर लागू प्रतिबंधित अवधि में अवैध शिकार के विरुद्ध मत्स्य विभाग और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कालपी के जीतमऊ-रायपुर क्षेत्र में संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक संदिग्ध वाहन को रोका, जिसमें बर्फ की आड़ में 22 किलोग्राम अवैध मछली छिपाकर ले जाई जा रही थी। टीम ने वाहन चालक महेंद्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआती जांच में भोलू सिंह, राबिन सिंह और भानू प्रकाश के नाम सामने आए हैं। विभाग ने बरामद मछली की मौके पर ही नीलामी कर दी है। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और दोषियों के खिलाफ मत्स्य अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

# शिक्षक की बाइक विवाह घर से चोरी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** विवाह घर की पार्किंग में खड़ी शिक्षक की बाइक चोरी हो जाने की घटना सामने आई है। शिक्षक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने और बाइक बरामदगी की मांग की है ।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला सुभाष नगर निवासी हरदोई इंटर कालेज के प्रवक्ता विजय रावत ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि शनिवार की शाम 6 बजे वह उरई रोड पर पड़री गांव के सामने स्थित शकुंतला विवाह घर में आयोजित एक सगाई समारोह में शामिल होने अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर यूपी 92 बी 9496 से गए हुए थे। बाइक उन्होंने विवाह घर के पार्किंग स्थल पर लॉक कर खड़ी कर दी थी। रात करीब 10 बजे वह विवाह घर से बाहर निकले और बाइक देखी तो मौके से बाइक नदारद थी। उन्होंने विवाह घर के मैनेजर और गार्ड से सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चैक करने के लिए कहा लेकिन समय पर सीसीटीवी फुटेज उन्हें देखने को नहीं मिल सके। घटना को लेकर शिक्षक ने पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# बारिश में गिरा मकान, पुननिर्माण में व्यवधान करने का पड़ोसी पर लगाया आरोप

### पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला गोखले नगर निवासी जमुना देवी पत्नी स्वर्गीय ओम प्रकाश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपने जर्जर मकान के पुनर्निर्माण में पड़ोसी द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि 9 जुलाई 2026 को लगातार हुई बारिश के कारण उनका मकान पूरी तरह जमींदोज हो गया था। जिससे घर में रखा घरेलू सामान भी नष्ट हो गया। घटना के समय वह बाहर थीं। मकान गिरने के बाद उनका परिवार बेघर हो गया है ।जमुना देवी का कहना है कि जब उन्होंने अपने गिरे हुए मकान का दोबारा निर्माण शुरू करने का प्रयास किया तो पड़ोसी भगवती शरण विश्वकर्मा पुत्र छोटेलाल तथा उनके परिजनों ने निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करना शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर वे विवाद और झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं तथा निर्माण नहीं होने देने की धमकी देते हैं। प्रार्थिया का यह भी आरोप है कि पड़ोसी पहले ही अपने हिस्से से अधिक निर्माण करा चुके हैं और अब उनकी जमीन पर भी कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं ।पीड़िता ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर पुलिस और संबंधित अधिकारियों की सहायता से निर्माण कार्य में हो रही बाधा को रुकवाने तथा आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वही एसड़ीएम हेमंत पटेल ने शिकायतीपत्र पर जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# युवक फेसबुक के जरिए किशोरी से दोस्ती,भगा ले गया अपने साथ

### -जालौन से फिर भगा ले गया किशोरी को शोहदा

### -लड़कियां खास तौर पर नाबालिगों को बरगला कर भगा ले जाने का सिलसिला जारी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** युवक ने फेसबुक के जरिए किशोरी से दोस्ती कर उसका नंबर ले लिया और बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित मां ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी फेसबुक चलाती थी। फेसबुक पर ही महिया कमलपुर निवासी राजकुमार ने उससे दोस्ती कर ली और उसका नंबर ले लिया। इसके बाद वह बेटी से कॉल पर बातें कर उसे बहलाने और फुसलाने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि बीती 21 जून की सुबह जब वह जागी तो उनकी बेटी गायब थी। घर में भैंस खरीदने के लिए रखे करीब 60000 रुपये नकद और सोने की जंजीर भी गायब थी। काफी तलाश करने के बाद जानकारी मिली कि 20 जून की रात करीब एक बजे बेटी को राजकुमार अपने कुछ साथियों के साथ भगा ले गया। पीड़ित महिला ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिससे लगाई है। वहीं, पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# 150 वर्ष पुराने राधा-कृष्ण मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार की दीवार मेहराब सहित अचानक भरभराकर ढही



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । पिछले दिनों लगातार तीन दिन तक हुई बारिश के बाद दीवारों में आई नमी ने नगर के एक प्राचीन मंदिर को भी नुकसान पहुंचा दिया। रविवार देर रात मोहल्ला गणेशजी स्थित लगभग 150 वर्ष पुराने राधा-कृष्ण मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार की दीवार मेहराब सहित अचानक भरभराकर ढह गई। हादसा रात के समय होने से बड़ा अनहोनी टल गई। मोहल्ला गणेशजी में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष निशा माहेश्वरी के आवास के पास प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर स्थित है। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर का निर्माण करीब डेढ़ सौ वर्ष पूर्व कराया गया था। भले ही यहां श्रद्धालुओं की संख्या अधिक नहीं रहती, लेकिन प्रतिदिन सुबह-शाम नियमित रूप से पूजा-अर्चना होती है और आसपास के लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। समय के साथ मंदिर की दीवारें काफी जर्जर हो चुकी हैं। पिछले दिनों लगातार तीन दिन तक हुई बारिश के कारण दीवारों में नमी भर गई थी। रविवार की रात करीब एक बजे अचानक मुख्य प्रवेश द्वार की दीवार और उसके ऊपर बनी मेहराब तेज आवाज के साथ भरभराकर गिर गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले तो मंदिर के प्रवेश द्वार का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त मिला। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि मंदिर का भवन काफी पुराना हो चुका है और अब इसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो शेष हिस्सा भी गिर सकता है। नगर के लोगों का कहना है कि यह मंदिर लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र है, इसलिए इसकी सुरक्षा और संरक्षण आवश्यक है। जब तक मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं होता है तब तक इस मंदिर परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की भी मांग उठाई गई है।

# रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी लाइन का इंटरलॉकिंग कार्य अंतिम चरण में



### -व्यापारियो को शीघ्र मिलेगी सुविधा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन मालगोदाम परियोजना के कार्य ने अब रफ्तार पकड़ ली है। मालगाड़ी संचालन के लिए बिछाई गई नई लाइन पर पैनल इंटरलॉकिंग और प्वाइंट सिस्टम का कार्य तेजी से चल रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार पैनल इंटरलाकिंग और प्वांइट सिस्टम के कार्य को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद नई मालगाड़ी लाइन परिचालन के लिए तैयार हो जाएगी ।रेलवे कोंच को माल परिवहन के क्षेत्र में नई पहचान देने की दिशा में रेल विभाग महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। अब तक स्टेशन पर केवल एक मुख्य लाइन और एक लूप लाइन थी, लेकिन मालगाड़ियों के संचालन के लिए अलग से एक नई लाइन बिछाई गई है। यातायात निरीक्षक की निगरानी में पैनल इंटरलॉकिंग और प्वाइंट सिस्टम को अंतिम रूप देने का कार्य किया गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि गुड्स शेड बनने के बाद कोंच से सीधे मालगाड़ियों के माध्यम से माल की लोडिंग और अनलोडिंग की जाएगी। इसका लाभ क्षेत्र के व्यापारियों को मिलेगा। रेलवे की योजना अगले चरण में मालगाड़ी लाइन के किनारे एक प्लेटफार्म बनाने की है जिससे मालगाड़ी से माल की लोडिंग अनलोडिंग की जा सके।

# पहाड़पुरा गांव में ऑटो को साइड न देने को लेकर हुए विवाद में मारपीट, पांच के खिलाफ एफआइआर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** पहाड़पुरा गांव में ऑटो को साइड न देने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐदलपुर निवासी रोहित वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह बीती नौ जुलाई की रात करीब दस बजे ऑटो से अपने गांव ऐदलपुर जा रहा था। उसके साथ आशीष गुर्जर और नरेश भी थे। जैसे ही ऑटो पहाड़पुरा गांव के पास पहुंचा। तो वहां ऑटो को साइड न देने को लेकर पहाड़पुरा निवासी सचित सक्सेना और उनके साथी सर्वेश, शिवम, विकास व अभिनव ने ऑटो को रुकवा लिया और शराब के लिए 500 रुपये मांगने लगे। मना करने पर जातिसूचक गालियां दीं और कहा कि 500 रुपये नहीं दिए तो उसे मारेंगे। इसके बाद सभी ने ऑटो से खींचकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। सचिन ने पास पड़े डंडे से रोहित के सीधे हाथ पर वार किया, जिससे गंभीर चोट आई। शोर सुनकर ऑटो में बैठे आशीष और नरेश बाहर आए तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को सीड बॉल का वितरण किया



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरलीमनोहर में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को सीड बॉल का वितरण किया।

कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र हसन, आकिब, आतिफ, नाजिया, आलिया, नाजमीन, अहमद ने मिट्टी में नीम, अर्जुन, जामुन, आम आदि के बीज मिलाकर बड़ी संख्या में सीड बॉल तैयार किए। इसके बाद विद्यालय के बाहर से गुजरने वाले लोगों को सीड बॉल वितरित करते हुए उनसे अपील की कि वे इन्हें अपने आसपास खाली स्थानों, खेतों की मेड़ों, पार्कों या अन्य उपयुक्त स्थानों पर रोपित करें, ताकि अधिक से अधिक पौधे तैयार हो सकें। बच्चों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकाधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का भी आह्वान किया। विद्यालय के शिक्षक विद्यासागर मिश्रा, प्रशांत पुरवार, अर्चना राय, आनंद, अर्चना सीरोठिया आदि ने बताया कि सीड बॉल ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से बीजों को मिट्टी के गोले में सुरक्षित रखकर कहीं भी फेंका या रोपा जा सकता है। अनुकूल मौसम और नमी मिलने पर इन बीजों से पौधे विकसित हो जाते हैं, जिससे हरित क्षेत्र बढ़ाने में मदद मिलती है। इस मौके पर वीरबहादुर, आनंद, सोमिल, राहुल, प्रतीक आदि मौजूद रहे।

# अलग अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी के मामले में जालौन के युवक के खाते का हुआ इस्तेमाल

### आरोपी पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** अलग अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी के मामले में कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के खाते का उपयोग किया जा रहा था। भारत सरकार के समन्वय पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर खाते की जांच की गई। जिसमें ठगी के रुपयों के लेन देन मामला सही पाए जाने पर आरोपी खाताधारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसआई शिवम सिंह सेंगर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि भारत सरकार के समन्वय पोर्टल पर देश के विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन ठगी की शिकायतें दर्ज की गई थीं। ठगी की धनराशि जिस खाते में मंगवाई गई थी वह भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में खुले एक खाते में मंगवाई गई थी। जांच करने पर पता चला कि यह खाता कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी उत्तम सिंह का था। इस खाते में बिहार राज्य के पूर्णिया जिले के पूर्णिया पुलिस स्टेश में दर्ज एक मामले में 2000 रुपये निकाल लिए गए। लखीमपुर जिले के फरधान थाने में दर्ज एक मामले में यूपीआई कंपनी का एंपलाई बनकर 5000 रुपये निकाले गए। जम्मू कश्मीर के शेपिया जिले के केलर थाने में पंजीकृत एक मामले में 5000 की ऑनलाइन ठगी की गई। जम्मू कश्मीर के ही कुलग्राम जिले के देवसर थाने में दर्ज एक मामले में 10000 रुपयों की ठगी की गई। रत्नागिरी के रत्नागिरी थाने में दर्ज एक मामले में ऑनलाइन साइकिल बेचने के नाम पर 7000 रुपये की ठगी की गई। महाराष्ट्र राज्य के पिंपरी चिंचवाड थाने में दर्ज एक मामले में एक लिंक भेजकर खाते से 40000 रुपये निकाल लिए गए। मध्यप्रदेश के खंडवा में फोन पर परिचित बनकर खाते में रुपये ट्रांसफर कराए गए। यहां तक कि राजस्थान के जयपुर सिटी के ब्रह्मपुरी थाने में दर्ज एक मामले में हॉस्पिटल में ऑनलाइन डॉक्टर का एपाइंटमेंट लेने के नाम पर 16000 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। पुलिस के अनुसार संदिग्ध खाते का उपयोग वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर अपराध, नौकरी के नाम पर ठगी, लालच, फिशिंग और एपीके फाइल स्कैम जैसे मामलों में धन के आवागमन के लिए किया जा रहा था। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद ने बताया कि एसआई शिवम सिंह सेंगर की जांच के आधार पर खाताधारक उत्तम सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बैंक को खाता फ्रीज कराने और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री जी अयोध्या की तरह बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन में 28000 करोड़ के बजट में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराये -गंगा चरण राजपूत

## बुंदेलखंड राज बनाने के लिए कई संगठन हुए लामबंद

( यंग भारत न्यूज )



**उरई!** भाजपा के वरिष्ठ नेता और चार वार के पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अयोध्या में राम मंदिर में हुई लूट की ह्यद्बह्ल की जांच करवाई है इस तरह जल जीवन मिशन में बुंदेलखंड क्षेत्र में जो 28000 करोड़ रूपया के बजट में जो भ्रष्टाचार हुआ है उसकी जांच करवाएं वह आज उरई के जिला बार संघ के आमंत्रण पर बुंदेलखंड राज्य बना मोर्चा के तहत जिला बाल संघ के सभागार में अधिवक्ताओं से संवाद करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे श्री राजपूत ने कहा अब बुंदेलखंड राज्य के लिए संकल्प ले लिया है मेरे भले ही प्राण निकल जाए लेकिन बुंदेलखंड पृथक राज्य की लड़ाई से अपने को पीछे नहीं लौटाऊंगा भले ही मेरे प्राण क्यों ना चले जाएं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड राज 1948 में बन गया था जिसके मुख्यमंत्री कामता प्रसाद सक्सेना बनाए गये थे 22 दिसंबर 1953 को राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया था जिसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति फ़ज़र अली थे 1955 में श्री अली ने अपनी रिपोर्ट दे दी थी उसके बाद देश में 14 राज्य बनाए गए लेकिन बुंदेलखंड राज्य को दो टुकड़ों में बांट दिया गया तब से आज तक बुंदेलखंड राज्य बनाने की लड़ाई चल रही है उन्होंने बुंदेलखंड के विभिन्न वर्गों को खूबसूरत सपना दिखाते हुए कहा जब बुंदेलखंड राज्य बनेगा तो डी एम एसपी को छोड़कर जितने भी अधिकारी और कर्मचारी होंगे उनका कैडर बुंदेलखंड का होगा उन्होंने कहा की बुंदेलखंड में तब अवैध बालू खनन पहाड़ों की अवैध कटान तथा पेड़ों की अवैध काटान रुकेगी बुंदेलखंड में जितने बाँध हैं तथा जितनी बिजली बनती है उसका ज्यादा लाभ बुंदेलखंड बासियों को मिलेगा श्री राजपूत ने कहा कि जब हमारा मुख्यमंत्री होगा तो युवा बेरोजगारों को बैकों से ऋण अधिक मिलेगा रोजगार के अवसर अधिक मिलेंगे कृषि क्षेत्र में उन्नति होगी रोजगार में बढ़ोतरी होगी इसके अलावा बुंदेलखंड का जो पर्यटन क्षेत्र है अंतराष्ट्रीय मानचित्र में आ जाएगा इसके अलावा डेरी उद्योग भी बढ़ेगा जब इसके कारण सम्पन्नता आएगी तू बुंदेलखंड राज्य से पलायन पर रोक लगेगी उन्होंने यह भी कहा की बुंदेलखंड राज्य जब बनेगा तो इस राज को बनवाने के लिए संघर्ष करने वाले बुंदेलखंडियों को लोकतंत्र सेनानी की तर्ज पर ?10000 रुपए प्रति माह बुंदेलखंड सेनानी के नाम से पेंशन दी जाएगी इसी तरह जूनियर अधिवक्ताओं को पूरे बुंदेलखंड में ?5000 प्रति माह प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा यदि मध्य प्रदेश राजस्थान उत्तराखंडआदि कई राज्यों में पेनशन मिलती है तो बुंदेलखंड राज्य में अभी उन राज्यों की तरह बुजुर्ग पत्रकारों को पेंशन दी जाएगी इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ऋषि पटेल महामंत्री साधना त्रिपाठी नेहा निरंजन सिवेश सिंह सेंगर सिंह सिंगर एवं अन्य पदाधिकारी ने तथा बार के पूर्व अध्यक्ष यज्ञदत्त त्रिपाठी करण सिंह राजपूत, भूपेंद्र विक्रम वैध एवं बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच के संयोजक कुलदीप कुमार बौद्ध ( एडवोकेट - हाईकोर्ट ) ने कहा कि पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग का पुरजोर समर्थन है लेकिन उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी कहा कि बुंदेलखंड राज्य का निर्माण केवल एक भौगोलिक विभाजन नहीं होना चाहिए, बल्कि इस नए राज्य की रीढ़ कहे जाने वाले दलित, शोषित और वंचित समाज को सत्ता, संसाधनों और राजनीति में उनकी आबादी के अनुपात में अधिकार मिलना चाहिए। 'बुंदेलखंड की धरती पर दलित समाज की आबादी एक बहुत बड़ा और निर्णायक हिस्सा है। हम पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग का समर्थन करते हैं, लेकिन हमारी यह शर्त साफ है कि नए राज्य के गठन के खाके में दलितों की 'नीति निर्धारण' और सत्ता में आनुपातिक हिस्सेदारी लिखित और सुनिश्चित होनी चाहिए। बिना सामाजिक न्याय के नया राज्य केवल सामंतवादी ताकतों का नया गढ़ बनकर रह जाएगा।' और अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप याज्ञिक ने बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग का अपने संगठन की ओर से पूर्ण समर्थन किया है। इसी तरह भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह गौर ने भारतीय किसान यूनियन की तरफ से बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग का पुरजोर समर्थन किया है अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप याज्ञिक ने पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत द्वारा उठाई गई बुंदेलखंड राज्य गठन की मांग का पूर्ण समर्थन किया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि बुंदेलखंड राज्य की मांग केवल प्रशासनिक पुनर्गठन का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक तरक्की, संतुलित क्षेत्रीय विकास, सुशासन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और जल संकट के स्थायी समाधान से जुड़ा महत्वपूर्ण जनहित का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उपेक्षा का सामना कर रहे बुंदेलखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। याज्ञिक ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि संविधान के अनुच्छेद 3 के अंतर्गत निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार बुंदेलखंड राज्य गठन की मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ सामाजिक न्याय, आर्थिक तरक्की और बुंदेलखंड के समग्र विकास के इस अभियान में पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। अधिवक्ताओं के संवाद में जिला बार संघ अध्यक्ष ऋषि पटेल महामंत्री साधना त्रिपाठी पूर्व बार संघ अध्यक्ष एवं साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार यज्ञदत्त त्रिपाठी जिला बार संघ एल्डर कमेटी के अध्यक्ष लाजपत राय सक्सेना वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण शुक्ला किसान नेता भगवान दास राजपूत भारती किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता दिनेश प्रताप गौर अधिवक्ता संवाद का संचालन एडवोकेट कर्मक्षेत्र अवस्थी ने किया जबकि अध्यक्षता बुजुर्ग अधिवक्ता साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार यज्ञदत्त त्रिपाठी ने की

## सीएचसी कालपी में हुआ सफल ऑपरेशन, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में एक प्रसूता का सफलतापूर्वक सीजर ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया गया। ऑपरेशन के बाद जच्चा और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। मालूम हो कि महिला चिकित्सक डॉ. रूबी सिंह के स्थानांतरण के बाद सीएचसी में यह पहला सीजर ऑपरेशन होने से चिकित्सकों में उत्साह का माहौल रहा।अस्पताल के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में महिला चिकित्साधिकारी डॉ. गरिमा सचान (एमएस) के नेतृत्व में डॉ. विशाल सचान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार एवं चिकित्सा टीम ने प्रसूता का सफलतापूर्वक सीजर ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान सभी आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाएं उपलब्ध रहीं। एनेस्थेटिस्ट डॉ. विशाल सचान ने बताया कि एमएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉ. गरिमा सचान का यह पहला सीजर ऑपरेशन था, जो पूरी तरह सफल रहा। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि सीएचसी कालपी में गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क सीजर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने क्षेत्र की इस जनकल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

## आइए, एक पौधा लगाएँ, भविष्य को हराभरा बनाएं-मिथलेश

### एसएफजी जनकल्याण फाउंडेशन ने भी किया वृक्षारोपण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ एसएफजी जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा संचालित '100 वृक्षारोपण अभियान-2026' लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत को 10 नए पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2026 में अब तक फाउंडेशन द्वारा कुल 30 पौधे ट्री गार्ड एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था के साथ लगाए जा चुके हैं। फाउंडेशन ने सभी पौधों की कम से कम तीन वर्षों तक नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया है, ताकि लगाए गए पौधे बड़े होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। संस्था का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पौधे को सुरक्षित रखकर उसे एक विशाल वृक्ष के रूप में विकसित करना है। अभियान के दौरान 5 पौधे सड़क के डिवाइडर के बीच लगाए गए, जहां पहले से लगी लोहे की जाली के कारण उनकी सुरक्षा सुनिश्चित है। वहीं रितेश राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती संजना राजपूत के जन्मदिवस के अवसर पर उनके निवास के बाहर ट्री गार्ड के साथ 3 पौधों का रोपण किया गया। इसके अलावा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष प्रखर के निवास पर भी 2 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रबंधक सुमित कुमार, उपाध्यक्ष प्रखर, शिवसेना झांसी मंडल के उपाध्यक्ष मिथलेश, डॉ. जगदीश, मुकेश, डी.के. मित्तल, रितेश राजपूत, विवेक अवस्थी, बलराम राजपूत, रोहित रत्नाकर, श्रीमती संजना राजपूत तथा उनकी पुत्री चिया सहित फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक रविवार सुबह 7 बजे नियमित रूप से वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर इस जनहित अभियान से जुड़ें। जो लोग स्वयं उपस्थित नहीं हो सकते, वे आर्थिक सहयोग देकर भी इस अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं। फाउंडेशन का कार्यालय कालपी रोड, सिद्धिविनायक अस्पताल के पास, नया पटेल नगर, उरई में स्थित है।संदेश: 'हमारी पृथ्वी - हमारी जिम्मेदारी। आइए, एक पौधा लगाएँ, भविष्य को हराभरा बनाएं।'

## लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले के विरोध में वामपंथी दलों ने सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** संयुक्त वाम दलों के बैनर तले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन सहित ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के पदाधिकारियों ने सोमवार को लोकतांत्रिक अधिकारों पर कथित हमलों के विरोध में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में वामपंथी दलों ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सहित देश में लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई, फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाने, राजनीतिक अधिकारों के दुरुपयोग तथा जन आंदोलनों और प्रदर्शनों से पहले नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने जैसे मुद्दे उठाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्रदेश में अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की जा रही है और सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना करने वालों पर भी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। इसके अलावा मजदूरों, महिलाओं और दलितों के अधिकारों की रक्षा की मांग करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को सुरक्षित रखने की अपील की गई। वामपंथी दलों ने राष्ट्रपति से पूरे मामले में हस्तक्षेप कर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा नागरिक स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से का. सुधीर अवस्थी, का. विनय पाठक, का. देवेश चौरसिया, का. विजय सिंह, का. राम सिंह चौधरी, का. राजीव कुशवाहा, हरीशंकर, रमेश टेलर आदि लोग मौजूद रहे।

## यमुना किनारे से हटेगा अतिक्रमण, पचनदा धाम बनेगा देश का पहला 'जल मंदिर'

( यंग भारत न्यूज )





**जालौन, 12 जुलाई।** देश के ऐतिहासिक पचनदा धाम में पाँच पवित्र नदियों—यमुना, चंबल, सिंध, पहूज एवं कुंवारी—की मूर्तियों की प्रतिष्ठापना एवं अनावरण के साथ नदी संरक्षण को एक नई दिशा देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पचनदा धाम केवल आस्था का केंद्र ही नहीं रहेगा, बल्कि देश में जल संरक्षण, नदी संस्कृति और जनभागीदारी का एक प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि पाँच पवित्र नदियों की प्रतिष्ठापना से यह स्थल देश का अपनी तरह का पहला 'जल मंदिर' बनकर उभरेगा।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश में विभिन्न धार्मिक स्थलों का अपना विशेष महत्व है, उसी प्रकार पचनदा धाम जल, प्रकृति और नदी संस्कृति के प्रति लोगों की आस्था और जिम्मेदारी का प्रतीक बनेगा। यह आने वाली पीढ़ियों को नदियों के संरक्षण और जल के महत्व का संदेश देगा। कार्यक्रम के दौरान नदी सम्मेलन में नदी संरक्षण एवं पचनदा धाम के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर संजय सिंह ने यमुना नदी के किनारे अतिक्रमण हटाने, मानस भवन के निर्माण, रिटेनिंग वॉल के निर्माण तथा यमुना तट पर जल संरक्षण एवं जल संचयन संरचनाओं के विकास का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से एक ओर यमुना तट सुरक्षित होगा, वहीं श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए भी बेहतर सुविधाएँ विकसित होंगी। माननीय जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने इन प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि यमुना नदी के संरक्षण और पचनदा धाम के समग्र विकास के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रस्तावों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाने के निर्देश दिए तथा कहा कि यमुना तट से अतिक्रमण हटाकर इसे स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जाएगा। साथ ही मानस भवन, रिटेनिंग वॉल तथा जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण की दिशा में भी सकारात्मक पहल की जाएगी। इस अवसर पर मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी , जिला पंचायतप अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश पांडेय, अपर जिलाधिकारी जालौन, पुलिस अधीक्षक जालौनविनय कुमार सिंहसहित जल शक्ति मंत्री के प्रत्येक अरविंद सिंह चौहान वरिष्ठ भाजपा नेता शीतल सिंह सेंगर, ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह बेरा, करन सिंह पररासन,, प्रशासनिक अधिकारी, संत-महात्मा, जल सहेलियाँ, वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण शुक्ला परमाररथसमाजसेवी संस्था के निदेशक अनिल सिंह, एग्जीक्यूटिव वरुण प्रताप सिंहसंस्था के सचिव डॉक्टर संजय सिंह ने इस कार्यक्रम को करने के लिए सैकडो जल सहेलियांने उनके मित्र करण सिंह परास रन शीतल सिंह सेंगर ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह बेराने पिछले चार दिनों से दिन रात एक कर दिया द्य इसी तरह क्षेत्र के ग्रामीणों को ग्राम प्रधान और बहुत कार्यकर्ताओं ने बहुत काम कियाद्यसामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में यमुना महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने नदियों को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि अविरल-निर्मल यमुना यात्रा से प्रारंभ हुआ जनआंदोलन अब पचनदा धाम के 'जल मंदिर' के रूप में नई पहचान प्राप्त करेगा और देशभर में नदी संरक्षण के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

## सूने मकान का ताला तोड़कर 64 हजार की नकदी व साढ़े तीन लाख के जेवरात चोरी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** बीती मध्य रात्रि को स्थानीय नगर के मोहल्ला अंदर सरांय में अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर घर में रखी 64 हजार रुपये की नकदी तथा करीब साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़ित महफूज खां पुत्र महमूद खां ने बताया कि उनका बेटा और बहू किसी कार्य से शुक्लागंज (उन्नाव) गए हुए थे, जबकि वह स्वयं रविवार रात करीब आठ बजे कागज फैक्ट्री में ड्यूटी पर चले गए थे। सोमवार सुबह लगभग आठ बजे घर लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखी 64 हजार रुपये की नकदी तथा करीब साढ़े तीन लाख रुपये के जेवरात गायब थे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र चोरी का खुलासा कर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## उरई में अपना दल (एस) की साप्ताहिक जनसुनवाई हुई सम्पन्न

### जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने 28 से अधिक फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन के उरई स्थित अपना दल (एस) जिला कार्यालय में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने की। इस दौरान दूर-दराज के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे 28 से अधिक फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में विंजदुवां, रगौली, कोहटा, खितौली, कोंच, कुकरगांव, गोहन, सिमरिया, धमौना, बनौरा और उरई सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने बिजली, राजस्व, पेयजल, सड़क तथा पुलिस-प्रशासन से जुड़ी समस्याओं के संबंध में प्रार्थना पत्र सौंपे। जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने कई गंभीर मामलों में तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और मौके पर ही समस्याओं के समाधान का प्रयास किया। वहीं, अन्य प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं न्यायसंगत कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया।मीडिया से बातचीत करते हुए अनिल कुदारी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाना और उसकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 'जनता की समस्या, हमारा समाधान' के संकल्प के साथ अपना दल (एस) का प्रत्येक कार्यकर्ता आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में विधानसभा महासचिव रामबाबू कुशवाहा, संजीव राठौर, शशिकांत, करन सिंह, गजेन्द्र कुशवाहा, वकील कुमार, साहब सिंह, रवींद्र कुमार, अमित कुशवाहा, हरिओम, बादशाह सिंह, रामनरेश राठौर, जिला सचिव अंशुल कुशवाहा, आकाश खटीक, यशपाल कुशवाहा, मुकेश बरार, उमा शंकर, गौतम कुमार, वीरेन्द्र कुमार, बाबूजी कुदारी, कृष्णा कुशवाहा, शकुंतला अहिरवार, गीता देवी, पुष्पा देवी, गजेन्द्र कुदारी, कमल साहू, सुघर सिंह पटेल, अंकित राठौर सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का स्वयं अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर निकाय, विकास, समाज कल्याण, पेयजल, सड़क, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव है, उनका तत्काल निस्तारण किया जाए। वहीं जिन प्रकरणों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें निर्धारित समय के भीतर जांच पूरी कर शिकायतकर्ता को नियमानुसार राहत प्रदान की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की उदासीनता सामने आती है तो उसके विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्कूली वाहनों का चला सघन जांच अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूली वाहनों का विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने अपनी यातायात टीम के साथ किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के स्कूली वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों में फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी गेट, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) बॉक्स, वाहन की फिटनेस, बीमा, परमिट, चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण-पत्र तथा वाहन की निर्धारित क्षमता के अनुरूप छात्रों के परिवहन की जांच की गई। यातायात टीम ने वाहन चालकों एवं विद्यालय प्रबंधन को सड़क सुरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन करने, वाहनों का नियमित रखरखाव कराने तथा बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी या नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जनपद में समय-समय पर ऐसे विशेष जांच अभियान चलाए जाते रहेंगे, ताकि सभी विद्यालयी वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# जिले में तैनात दो उपजिलाधिकारियों का तबादला

## हेमंत पटेल की जगह अनुभव कुमार और विशेषश्वर की जगह भेजे गये मनोज कुमार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उत्तर प्रदेश सरकार ने देर रात बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 182 पीसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए। इस सूची में जालौन जनपद के दो उपजिलाधिकारियों का भी तबादला किया गया है। इस प्रशासनिक बदलाव को शासन स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जारी आदेशों के अनुसार, कोंच तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर अभिनव कुमार यादव को सीतापुर से जालौन भेजा गया है। वहीं, जालौन में तैनात न्यायिक उपजिलाधिकारी विश्वेश्वर का भी स्थानांतरण किया गया है। उनकी जगह मनोज कुमार को बस्ती से नियुक्त किया गया है। हेमंत पटेल ने लगभग तीन वर्षों तक जालौन जनपद की विभिन्न तहसीलों में सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कालपी, उरई, जालौन और कोंच में उपजिलाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए राजस्व मामलों, प्रशासनिक व्यवस्था तथा जनसुनवाई के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, विश्वेश्वर ने जालौन, उरई और माधौगढ़ में विभिन्न पदों पर रहते हुए न्यायिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उनके कार्यकाल को प्रशासनिक दक्षता और न्यायिक जिम्मेदारियों के संतुलित संचालन के लिए जाना जाता है। प्रदेश सरकार के इस व्यापक प्रशासनिक फेरबदल के बाद जालौन में नए अधिकारियों की तैनाती से प्रशासनिक कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। दोनों नवागत अधिकारी शीघ्र ही अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

# सरकारी भूमि से राजस्व व पालिका की संयुक्त टीम ने हटाया अतिक्रमण

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम ने नगर के मोहल्ला अदल सराय में सरकारी नजूल भूमि एवं तालाब की जमीन पर हुए अवैध कब्जे के विरुद्ध अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

प्रशासन को शिकायत मिली थी कि मोहल्ला अदल सराय स्थित गाटा संख्या 1409 की सरकारी नजूल भूमि पर अवैध कब्जा कर उसकी प्लाटिंग की जा रही है तथा भूखंडों की बिक्री भी की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तथा अवैध निर्माण हटाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया। अभियान के दौरान मौके पर स्थित सरकारी तालाब की भूमि का भी सीमांकन कराया गया, ताकि भविष्य में उस पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी भूमि, तालाब एवं नजूल की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र सिंह, नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य, राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह सहित राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम मौजूद रही।



# जमीनी विवाद में मारपीट, पांच नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** स्थानीय नगर के मोहल्ला महमूदपुरा में जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त प्रकरण को लेकर वादी दीपक कुमार पुत्र सुखलाल निवासी मोहल्ला महमूदपुरा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 16 जून 2026 को शाम करीब 4:30 बजे मकान में गेट लगाने को लेकर विवाद हो गया। आरोपियों संजय कुमार, अरविंद, राहुल तथा दो महिलाओं ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दीपक कुमार घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं। घटना के बाद दोनों घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना महमूदपुरा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा को सौंपी गई है।

# दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति, सास व ससुर गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** अतिरिक्त दहेज में बाइक न मिलने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए मृतका के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी पति व सास, ससुर को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगरौल निवासी जगपाल ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी कोमल देवी (26) का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व नौ मई 2022 को वीरपुरा निवासी सोनू के साथ किया था। बीती पांच जुलाई की शाम उन्हें जानकारी हुई कि उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पिता का आरोप है था कि ससुरालियों द्वारा बेटी की मृत्यु के बाद ससुरालियों ने उन्हें कोई जानकारी नहीं हुई। मोहल्ले के लोगों के बताने पर वह सीएचसी पहुंचे जहां बेटी मृत अवस्था में मिली थी। पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी पर ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में मायके से बाइक लाने का दबाव बना रहे थे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो ससुरालियों ने बेटी की हत्या कर दी और उसे आत्महत्या दर्शाने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति सोनू, सास मूलादेवी, ससुर राजू उर्फ राजकुमार, देवर दयाशंकर उर्फ मोनू, चचिया ससुर हाकिम सिंह, चचेरे देवर बलवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार की सुबह कोतवाल हरिशंकर चंद को सूचना मिली कि कुछ आरोपी अपने गांव में आवास पर ही हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई अमर सिंह, कांस्टेबल मंजेश मधुकर, विजय प्रताप सिंह व महिला कांस्टेबल शिवानी यादव मौक पर पहुंचे और पति सोनू, सास मूलादेवी और ससुर राजू कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# भारत वेलफेयर फाउंडेशन ने चलाया पौधरोपण अभियान, बीएसए ने युवाओं संग लगाए पौधे

## अमृत पार्क व बीएसए कार्यालय में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत भारत वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से सोमवार को अमृत पार्क के पास पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना रहा।



कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) विकास चौधरी और वरिष्ठ समाजसेवी डॉ ममता स्वर्णकार ने युवाओं के साथ पौधरोपण कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने हाथों से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद बीएसए कार्यालय परिसर में भी पौधे लगाए गए। बीएसए विकास चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं के इस अभियान की सराहना करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। भारत वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक आदित्य सिंह ने कहा कि संस्था का संकल्प 'एक पौधा, एक जीवन, एक संकल्प' है। अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। इस दौरान युवराज सिंह तोमर, आर्यन श्रीवास्तव, शुभ सोती, मुसब अंसारी, अनंत निरंजन धीरेंद्र, प्रांशु त्रिपाठी, चेतन, दीपक सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# रानू भैया के आवास पर पाल समाज के प्रतिनिधियों से मिले केंद्रीय मंत्री, टिकट में हिस्सेदारी बढ़ाने की उठी मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने उरई में कृष्ण मोहन पाल (रानू भैया) के आवास पर पहुंचकर पाल समाज के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान पाल समाज के प्रतिनिधियों ने बुंदेलखंड में समाज की राजनीतिक भागीदारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया और विधानसभा चुनावों में टिकट वितरण में उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की।

बैठक में समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि बुंदेलखंड की 19 विधानसभा सीटों पर पाल समाज के लगभग साढ़े छह लाख से सात लाख मतदाता हैं। इसके बावजूद विधानसभा चुनावों में समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों में पाल समाज की जनसंख्या और राजनीतिक योगदान को देखते हुए उचित संख्या में टिकट दिए जाएं।


इस पर केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराएंगे। बैठक के दौरान पाल समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए अपनी विभिन्न समस्याओं और सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की। बैठक में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भी चर्चा की। इस दौरान यूपी सीएलडीएफ के डायरेक्टर राकेश पाल, बाबा बालक दास पाल, डॉ. सीपी गुप्ता, मोतीलाल पाल, जीतू पाल, शिवेंद्र पाल, हीरा बाबू पाल, ओंकार पाल, अवध किशोर पाल, सोमेंद्र पाल, बिहारी पाल झांसी, बाबूराम कोंच, ब्रजमोहन पाल मई, रिंकू, मांडवी पाल, रघुवीर प्रजापति, राजपाल, राजकुमार पाल, सुनील पाल, दीपू राजा आदि समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुहाना से 13 दिन से लापता व्यक्ति का जंगल में मिला कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

## घटना रहस्य के घेरे में

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के डकोर कोतवाली क्षेत्र के मुहाना गांव में 13 दिन से लापता एक व्यक्ति का कंकाल जंगल में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुहाना निवासी 55 वर्षीय रामलाल के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही डकोर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।



परिजनों के अनुसार रामलाल 27 जून को बकरियां चराने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 29 जून को परिजनों ने डकोर कोतवाली में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार शाम गांव के कुछ लोग जंगल की ओर गए, जहां उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई। तलाश करने पर झाड़ियों के बीच एक मानव कंकाल मिला। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बुलाया, जिन्होंने कपड़ों और अन्य सामान के आधार पर कंकाल की पहचान रामलाल के रूप में की। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। डकोर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा पोस्टमार्टम एवं अन्य जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 50 दिन की सेवा के बाद एसडीएम अमित शेखर का सीतापुर हुआ स्थानांतरण

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** सोमवार को कालपी के उपजिलाधिकारी अमित शेखर का स्थानांतरण सीतापुर जनपद कर दिया गया है। उन्होंने 25 मई को कालपी में उपजिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया था। तथा उन्होंने करीब 50 दिनों तक अपनी सेवाएं दीं।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी में कार्यकाल के दौरान एसडीएम अमित शेखर ने कानून-व्यवस्था, राजस्व कार्यों, जनसमस्याओं के निस्तारण तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया। इसके साथ ही उन्हें नगर पालिका परिषद कालपी एवं नगर पंचायत कंदौरा के प्रभारी अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया था। जिसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। स्थानांतरण की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक एवं स्थानीय स्तर पर उनके कार्यकाल की चर्चा रही। अब उनके स्थान पर नए उपजिलाधिकारी की तैनाती की प्रतीक्षा की जा रही है।

# नवांगतुक नायब तहसीलदार प्रिंस सिंह ने संभाला कार्यभार

## जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर रहेगा जोर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** तहसील कालपी में नवांगतुक नायब तहसीलदार प्रिंस सिंह ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा आमजन की समस्याओं का गुणवत्ता एवं समयबद्ध निस्तारण अपनी पहली प्राथमिकता बताया।



उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित प्रिंस सिंह मूल रूप से जनपद हमीरपुर के राठ कस्बे के निवासी हैं। कालपी तहसील में उनकी यह पहली नियुक्ति है। उन्हें चुरखी सर्किल का दायित्व सौंपा गया है।कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नायब तहसीलदार प्रिंस सिंह ने राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों से परिचयात्मक बैठक कर राजस्व कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए राजस्व मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जाए।

# बुंदेलखंड राज्य गठन की मांग को अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ का समर्थन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप याज्ञिक ने पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत द्वारा उठाई गई बुंदेलखंड राज्य गठन की मांग का पूर्ण समर्थन किया है।



उन्होंने जारी बयान में कहा कि बुंदेलखंड राज्य की मांग केवल प्रशासनिक पुनर्गठन का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक तरक्की, संतुलित क्षेत्रीय विकास, सुशासन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और जल संकट के स्थायी समाधान से जुड़ा महत्वपूर्ण जनहित का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उपेक्षा का सामना कर रहे बुंदेलखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। याज्ञिक ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि संविधान के अनुच्छेद 3 के अंतर्गत निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार बुंदेलखंड राज्य गठन की मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ सामाजिक न्याय, आर्थिक तरक्की और बुंदेलखंड के समग्र विकास के इस अभियान में पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।

# 20 हजार रुपए तक सस्ता हो सकता है सोना, ये है बड़ी वजह

( यंग भारत न्यूज )

2026 की शुरुआत में रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद, सोने की कीमतों पर अब भारी दबाव देखा जा रहा है. जनवरी 2026 में 5,595 डॉलर प्रति औंस का ऑल-टाइम हाई का लेवल छूने के बाद ग्लोबल मार्केट्स में सोना पहले ही करीब 27 फीसदी टूटकर 'बेयर मार्केट' – मंदी के दौर) में प्रवेश कर चुका है.



अब बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि सोने की कीमतों में 16 फीसदी तक की और गिरावट आ सकती है, जिससे यह 3,400 से 3,500 डॉलर के स्तर तक नीचे आ सकता है. इसका मतलब है कि देश में भी सोने की कीमतों में 20 हजार रुपए तक की गिरावट देखने को मिल सकती है. आइए आसान भाषा में समझते हैं कि सोने में इस गिरावट की असली वजह क्या है और क्या निवेशकों को इस बड़ी गिरावट का फायदा उठाकर खरीदारी करनी चाहिए जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी रिसर्च के हेड हरीश वी ने बीएस की रिपोर्ट में कहा कि हालांकि कुल मिलाकर आउटलुक पॉजिटिव है, लेकिन टेक्निकल करेक्शन की पूरी संभावना है क्योंकि पिछले एक-दो सालों में सोने की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं. उन्होंने अनुमान लगाया कि रैली के अगले फेज से पहले कीमतें 3,4003,500 के लेवल के आसपास दिखाई दे सकती है. इसका मतलब है कि भारत के वायदा बाजार में सोने के दाम 1.22 लाख के लेवल पर दिखाई दे सकते हैं. इस साल इस कीमती धातु में ज़्यादातर गिरावट मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण आई है. इसके पीछे निवेशकों पर दोहरी मार पड़ती हुई दिखाई दी. एक तो कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, जिससे महंगाई और फेड द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की चिंताएं बढ़ी हैं. दूसरा, मजबूत अमेरिकी डॉलर, जो दूसरी करेंसी वाले खरीदारों के लिए सोने के आकर्षण को कम करता है. सिर्फ फरवरी के आखिर से अब तक इंटरनेशनल मार्केट में सोने की कीमतों में 23 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है. अगर बात मौजूदा समय की करें तो दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर इंटरनेशनल मार्केट में सोने की कीमतें 1 फीसदी गिरकर 4,075 पर आ गईं, जबकि कारोबारी सत्र के दौरान सोने के दाम 4057 डॉलर प्रति ओंस तक भी गिरे थे. जबकि अमेरिका और ईरान के बीच नई झड़प के बाद तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा का उछाल देखने को मिला. वहीं बात भारतीय बाजारों की करें तो मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिल रही है. आंकड़ों को देखें तो सोना 1033 रुपए की गिरावट के साथ 142445 रुपए पर कारोबार कर रहा है. जिसमें अनुमान है कि 20 हजार रुपए तक की गिरावट देखने को मिल सकती है और 1.22 लाख रुपए तक आ सकते हैं. समको सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अपूर्व सेठ ने बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट में कहा कि सोना के लिए 4,000 डॉलर एक अहम सपोर्ट लेवल है, लेकिन सबसे खराब स्थिति या इंट्राडे में घबराहट वाले हालात में कीमत 3,500 डॉलर तक गिर सकती है. हालांकि, लंबे समय में सोने की चाल को लेकर वे पॉजिटिव हैं. समको के एनालिस्ट ने मीडिया रिपोर्ट में कहा कि तीन साल के लंबे समय में सोने के लिए उनका टारगेट लगभग 7,000 डॉलर है. जियोजित के हरीश वी भी यही राय रखते हैं; हालांकि उन्हें निकट भविष्य में कमजोरी की उम्मीद है, लेकिन वे व्यापक नजरिए को पॉजिटिव मानते हैं क्योंकि बुनियादी हालात अभी भी सपोर्टिव हैं. कीमत में हर गिरावट को खरीदारी के मौके के तौर पर देखा जा सकता है. एनालिस्ट का मानना ??है कि जियोपॉलिटिकल रिस्क ने स्-ईरान वॉर से पहले सोने को सपोर्ट किया था और आगे भी ऐसा हो सकता है क्योंकि रिस्क अभी भी बने हुए हैं, जो ऊंचे यील्ड और मजबूत स् डॉलर के असर पर भारी पड़ रहे हैं. ग्लोबल ब्रोकरेज एनएसबीसी ने 9 जुलाई की अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा कि ईरान के साथ टकराव के बाद की स्थिति में दुनिया को उन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिनकी वजह से सोने की कीमतें बढ़ी थीं. रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि टकराव से पहले की तुलना में यील्ड अधिक हो सकती है और डॉलर मजबूत हो सकता है, लेकिन लंबे समय से चली आ रही अन्य समस्याएं बुलियन (सोने-चांदी) को सपोर्ट करेंगी. साथ ही, एनएसबीसी ने सोने के लिए अपने लंबे समय के नजरिए को थोड़ा कम भी किया. एनएसबीसी ने सोने के लिए अपने अनुमान को पहले के 4,864 डॉलर प्रति औंस से घटाकर 4,560 डॉलर प्रति ओंस कर दिया. एक और फैक्टर जो कीमतों को बढ़ा सकता है, वह है सेंट्रल बैंकों की खरीदारी. हरीश वी ने कहा कि कई सेंट्रल बैंक लगातार सोना जमा कर रहे हैं, जो यह संकेत देता है कि उन्हें भी उम्मीद है कि ग्लोबल ग्रोथ दबाव में रहेगी. ऐसे माहौल में, सोने को एक पसंदीदा सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन एसेट) के तौर पर देखा जाता है. एनएसबीसी ने यह भी कहा कि ऊंची कीमतों के कारण सेंट्रल बैंकों ने पिछले साल और 2026 की पहली छमाही में खरीदारी कम कर दी थी, लेकिन वे कीमत का निचला स्तर (प्राइस फ्लोर) तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं और लंबे समय में कीमतों को सपोर्ट कर सकते हैं. जून 2026 में वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के एक सर्वे के अनुसार, ग्लोबल सेंट्रल बैंकों द्वारा अगले 12 महीनों में अपने सोने के भंडार को बढ़ाने की उम्मीद है, जो रिजर्व पोर्टफोलियो में सोने की बढ़ती रणनीतिक भूमिका को उजागर करता है. संकट के समय सोने का प्रदर्शन, लंबे समय तक वैल्यू बनाए रखने की क्षमता और पोर्टफोलियो में डायवर्सिटी लाने का गुण इस कीमती धातु को एक आकर्षक निवेश विकल्प बनाते हैं. डब्ल्यूजीसी के डेटा से पता चलता है कि सेंट्रल बैंकों ने पिछले चार सालों में औसतन 1,000 टन सोना जमा किया है, जो पिछले दशक के 500 टन के औसत से काफी ज्यादा है.

# 'पापा रावण हैं मैं उन्हें मार दूंगा'. मां के कत्ल के बाद इंदौर में रोते-रोते ऐसा क्यों बोला मासूम?

( यंग भारत न्यूज )

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर की मनोरमागंज स्थित डाक कुंज कॉलोनी में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सबसे ज्यादा दर्दनाक स्थिति उनके दो मासूम बच्चों की है।



परिजनों के मुताबिक, बेटी अपनी आंखों के सामने मां का खून से लथपथ शव देखने के बाद सदमे में है, जबकि छोटा बेटा कभी मां को वापस लाने की बात करता है तो कभी गुस्से में पिता के लिए कड़े शब्द बोल देता है। पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या की वारदात को कथित रूप से पूरी तैयारी के साथ अंजाम दिया गया। आरोप है कि पति अखिलेश सैनी ने पहले चाकू खरीदा, फिर बच्चों को स्कूल भेजने के बाद घर में अकेली उर्मिला पर हमला कर दिया। वारदात के बाद वह बेटी के स्कूल पहुंचा और उसे कुछ सामान व एटीएम कार्ड देकर बच्चों को मौसी के घर जाने की बात कही। जब बेटी घर पहुंची तो टीवी तेज आवाज में चल रहा था और मां लिविंग रूम में खून से लथपथ हालत में मिली। इसके बाद घटना की जानकारी परिवार और पुलिस को दी गई। परिजनों के अनुसार, घटना से कुछ देर पहले सुबह करीब 8 बजे उर्मिला ने अपने भाई मनोज मालाकार को फोन कर वकील से बात कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि वह अब पति के साथ नहीं रहना चाहतीं। हालांकि परिवार ने इसे घरेलू विवाद समझकर गंभीरता से नहीं लिया और कुछ समय बाद हत्या की खबर सामने आ गई। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही अखिलेश सैनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसी वजह से दोनों के बीच लगातार विवाद होते रहते थे। उर्मिला ने पहले भी महिला थाना, जूनी इंदौर थाना और भोपाल में शिकायतें दर्ज कराई थीं। परिजनों के मुताबिक, आरोपी हर बार माफी मांग लेता था और बच्चों के भविष्य को देखते हुए उर्मिला समझौता कर लेती थीं। परिवार का आरोप है कि आरोपी अक्सर उर्मिला पर नजर रखता था और बिना किसी ठोस वजह के आरोप लगाता रहता था। साथ ही कई बार जान से मारने की धमकी भी देता था। एसीपी नीति दंडोतिया ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमें बनाई गई हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि वारदात के बाद आरोपी पैदल निकला और ऐसे रास्तों का इस्तेमाल किया, जहां सीसीटीवी कैमरों की संख्या कम थी। पुलिस बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्थानों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करा लिया है और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। आरोपी के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

# मामा के यहां शादी में आई थी नाबालिग, 7 लड़कों ने जंगल में ले जाकर दरिंदगी की सारी हद की पार; पीड़िता की आपबीती सुन कांप गई सबकी रूह

( यंग भारत न्यूज )




ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. तलसारा पुलिस स्टेशन एरिया के भांडेगा इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप किया गया. पुलिस ने अब तक इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है.पीड़िता मूल रूप से छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी और तलसारा पुलिस स्टेशन एरिया में ही अपने मामा के घर एक शादी में शामिल होने आई थी.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना शनिवार देर रात की है. लड़की टॉयलेट जाने के लिए घर से निकली थी. मोटरसाइकिल पर सवार सात युवकों ने उसे जबरन किडनैप कर लिया. आरोपी उसे जबरन पास के जंगल में ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ गैंगरेप किया. वारदात को अंजाम देने के बाद, वे उसे गंभीर हालत में छोड़कर मौके से भाग गए. लड़की किसी तरह हिम्मत जुटाकर घर लौटी. रोते हुए उसने अपने परिवार को अपनी आपबीती सुनाई. इसके बाद, स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी. सात में से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार लोगों में एक नाबालिग लड़का भी है. पुलिस पूरे मामले की अच्छी तरह से जांच कर रही है ताकि सभी जिम्मेदार लोगों को सख्त से सख्त सज़ा मिल सके पुलिस ने क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के सेक्शन 137(2) और 70(2) के तहत केस दर्ज किया है. बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून, प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट का सेक्शन 6 भी लगाया गया है. नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कस्टडी में भेज दिया गया है. पुलिस बाकी फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है. घटना के बाद, पीड़ित को तुरंत मेडिकल जांच और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. अच्छी बात यह है कि मेडिकल मदद और इलाज के बाद, पीड़ित अब ठीक हो रही है और उसकी हालत ठीक है.

# जयमाल होते बजी घंटी, मोबाइल देखकर भड़की दुल्हन और टूट गई शादी; फिर बिचौलिए को क्यों आया हार्ट अटैक?

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के शामली में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा बवाल हुआ. यहां शादी का मंडप सजा था. जयमाल के स्टेज पर दूल्हा और दुल्हन दोनों मौजूद थे. दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाई. तभी दुल्हन के मोबाइल पर एक मैसेज आया.इसे देखते ही दुल्हन भड़क गई. उसने शादी से इनकार कर दिया. इस बात को लेकर शुरू हुआ विवाद हंगामे में बदल गया. दोनों पक्षों में गाली-गलौज और मारपीट तक होने लगी. इधर, शादी टूटने की खबर से ही बिचौलिए को ऐसा सदमा लगा कि उसे हार्ट अटैक आ गया. आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है. जानकारी के मुताबिक मुजफ्फरनगर की रहने वाली एक युवती की शादी शामली में रहने वाले युवक के साथ तय हुई थी. यह शादी दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित एक बारात घर में हो रही थी.



इसके लिए दोनों पक्षों के लोग अपने नाते रिश्तेदारों के साथ पहुंचे हुए थे. इस बारात घर की बुकिंग और शादी का पूरा खर्च दूल्हा पक्ष के लोग वहन कर रहे थे.

शाम को जब बारात पहुंची तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने आगे बढ़कर भव्य स्वागत किया. इसके बाद खुशी-खुशी जयमाल की रस्म हुई. इसके बाद दूल्हा और दुल्हन मंच पर बैठ गए और आर्शीवाद का क्रम शुरू हुआ. इतने में दुल्हन के मोबाइल पर किसी ने एक मैसेज किया. इस मैसेज को लेकर दुल्हन असहज हो गई. यह देखकर दूल्हे ने पूछताछ की, लेकिन इससे मामला और बिगड़ गया. इसपर दूल्हे ने आपत्ति की तो दुल्हन नाराज होकर खड़ी हो गई और शादी से इनकार कर दिया. हालात को देखते हुए दोनों पक्षों के लोगों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन दुल्हन टस से मस नहीं हुई. इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. देखते ही देखते दोनों पक्षों में पहले तीखी नोकझोंक और फिर गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू हो गई. इस बीच बिचौलिए ने सुलह कराने की काफी कोशिश की, लेकिन आखिर तक बात नहीं बनी तो वह सदमे में आ गया और इसी सदमे की वजह से उसे हार्ट अटैक आ गया. इस घटना के बाद शादी टूट गई. जयमाल के बाद आगे की कोई रस्म नहीं हुई और दूल्हा बिना फेरों के ही बारात लेकर बैरंग वापस लौट गया. इस संबंध में दूल्हा पक्ष ने आदर्श मंडी थाने में तहरीर दी है. इसमें दुल्हन और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों को बातचीत के लिए थाने बुलाया है. थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह के मुताबिक मामले की जांच कराई जा रही है.

# मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई ताकत, अब छोटे जिलों में संभाले जा रहे हाई रिस्क केस

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और गर्भवती महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की योगी सरकार की मुहिम धरातल पर रंग लाने लगी है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू की गई रीजनल रिसोर्स एंड ट्रेनिंग सेंटर योजना के तहत डॉक्टरों को मिल रहे 'हैंड-ऑन प्रशिक्षण' (व्यावहारिक ट्रेनिंग) ने उनका आत्मविश्वास बढ़ा दिया है। अब प्रदेश के छोटे जिलों के सरकारी डॉक्टर गंभीर एनीमिया और अत्यधिक हाई बीपी जैसे बेहद जटिल व हाई रिस्क मामलों को बड़े मेडिकल कॉलेजों में रेफर करने के बजाय स्थानीय जिला अस्पतालों में ही खुद सुरक्षित तरीके से संभाल रहे हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि जिला स्तर पर योग्य चिकित्सक होने के बावजूद पहले गंभीर केसों (जैसे शॉक, एंटी पार्टम हैमरेज, लंबी प्रसव पीड़ा) को संभालने के आत्मविश्वास की कमी के कारण मरीजों को रेफर कर दिया जाता था। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2017 में आरआरटीसी कार्यक्रम डिजाइन किया गया। पहले चरण में राज्य के 20 मेडिकल कॉलेजों को आरआरटीसी सेंटर के रूप में विकसित कर आसपास के जिलों के डॉक्टरों का क्षमता वर्धन किया गया। वर्तमान में दूसरे चरण के तहत हाइब्रिड और व्यावहारिक माध्यमों से डॉक्टरों को विशेषज्ञों की देखरेख में लाइव ट्रेनिंग दी जा रही है। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण का सबसे बड़ा उदाहरण सीतापुर जिला महिला अस्पताल में देखने को मिला है। यहां ट्रेनिंग प्राप्त महज 5 डॉक्टरों ने पिछले तीन महीनों में 2218 हाई रिस्क प्रसव बिना किसी उच्च केंद्र पर रेफर किए सफलतापूर्वक कराए हैं। डॉक्टरों ने हीमोग्लोबिन का स्तर 2 मिलीग्राम तक गिर जाने और 200 के पार जा चुके ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर आपातकालीन स्थितियों को खुद संभाला। अस्पताल के डॉक्टरों के बढ़ते आत्मविश्वास का ही परिणाम है कि आज से 5 साल पहले जहाँ अस्पताल में रोजाना केवल 2 से 3 सीजेरियन प्रसव होते थे, वहीं अब औसतन 10 से 12 प्रसव प्रतिदिन हो रहे हैं। इस बदलाव के चलते लखीमपुर, शाहजहांपुर, बरेली, बहराइच, गोंडा और हरदोई जैसे पड़ोसी जिलों से भी महिलाएं यहाँ इलाज कराने आ रही हैं। प्रशिक्षण का सीधा और सकारात्मक प्रभाव लखनऊ के वीरांगना अवंती बाई महिला अस्पताल में भी देखने को मिला है, जहां 10 डॉक्टरों के प्रशिक्षित होने के बाद मातृ मृत्यु दर में 80 से 90 प्रतिशत तक की ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, पहले जहां हर जटिल परिस्थिति में वरिष्ठ डॉक्टरों या मेडिकल कॉलेजों से परामर्श लेना पड़ता था, वहीं अब डॉक्टर दो से तीन मिनट के भीतर त्वरित और सटीक जीवन रक्षक निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम हो चुके हैं।

# 'तू तलाक दे, मैं हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण करवाऊँगा': एमपी के शिवपुरी में जनजातीय लड़की फँसाने पर लव जिहादी अकरम की चप्पलों से पिटाई, बीवी ने सारी पोल खोली

( यंग भारत न्यूज )

रेशमा ने यह भी बताया है कि जनजातीय लड़की के अलावा भी उसके शौहर ने कम से कम 6 से 7 लड़कियों को फँसाया हुआ है। वह सबके धर्मांतरण कराने के प्रयास में है। मध्य प्रदेश के शिवपुरी से एक लव जिहादी की चप्पल से पिटाई का मामला सामने आया है। घटना रविवार (12 जुलाई 2026) की है। बताया जा रहा है कि सतनवाड़ा क्षेत्र में तीन बच्चियों का अब्बा अकरम शाह एक जनजातीय समाज की नाबालिग लड़की को अपने जाल में फँसाकर गलत काम करने के लिए लॉज पहुँचा था। जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को व लड़की के परिजनों को इसकी सूचना मिली तो वहाँ हंगामा शुरू हुआ। लड़की की माँ ने अकरम को देखते ही चप्पल से ऐसे पीटना शुरू किया कि पिटाई थाने के पास जाकर ही रुकी। वहीं थोड़ी देर बाद खुद अकरम की बीवी रेशमा ने भी मौके पर पहुँचकर अपने शौहर के मंसूबों की पोल खोली। उसने कैमरे पर बताया कि उसके शौहर का निकाह हो चुका है, लेकिन हिंदू लड़कियों को प्रेम जाल में फँसाने से बाज नहीं आ रहा। रेशमा ने दावा किया कि अकरम उसपर तलाक देने का दबाव बनाकर कहता है कि उसे हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण करवाना है इसलिए वह उसे तलाक दे दे। रेशमा ने यह भी बताया है कि जनजातीय लड़की के अलावा भी उसके शौहर ने कम से कम 6 से 7 लड़कियों को फँसाया हुआ है। वह सबके धर्मांतरण कराने के प्रयास में है। वहीं जनजातीय लड़की की बात करें तो कहा जा रहा है कि उसको अकरम ने 2 साल से फँसा रखा है। नाबालिग की माँ का आरोप है कि उनकी बेटी को अकरम तीन महीने पहले भी भगाकर ले गया था। इस संदर्भ में उन्होंने शिकायत भी की मगर जब दो दिन बाद बेटी लौट आई, तो उस वक्त अकरम का नाम रिपोर्ट में नहीं डाला गया।

# यूपी बीजेपी में खुली बगावत! अपनी ही सरकार के मंत्री पर बरसे ब्रजभूषण राजपूत, बोले- 'अभी तो तलवार...'

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के इटावा में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान महोबा की चरखारी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक ब्रजभूषण राजपूत का एक बेहद आक्रामक बयान पूरे सूबे में चर्चा का विषय बन गया है।

मिशन अवंती: वीरांगना अवंती बाई लोधी प्रतिभा सम्मान समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक ने अपनी ही सरकार के एक कद्दावर मंत्री पर बिना नाम लिए जमकर शब्दबाण चलाए। लोधी राजपूत समाज के खचाखच भरे पंडाल को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ कर दिया कि वे किसी के सामने झुकने वाले नहीं हैं और उनके इस तेवर ने यूपी की राजनीति में एक नया उबाल ला दिया है। मंच से दहाड़ते हुए बीजेपी विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने कहा कि जब भी इलाके का कोई गरीब, मजदूर या किसान अपनी फरियाद लेकर उनके पास आता है, तो वे उसकी मदद के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। उन्होंने अधिकारियों पर जनता का काम करने का दबाव बनाया और जब जरूरत पड़ी, तो वे अपनी ही पार्टी के मंत्री से भी सीधे टकरा गए। विधायक ने कहा, 'जब मैंने शोषितों और अन्नदाताओं के हक के लिए अपनी ही सरकार के मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोला, तो बहुत से नेताओं के पेट में



अचानक दर्द होने लगा। कुछ लोग बंद कमरों में बैठकर मेरा राजनैतिक करियर हमेशा के लिए खत्म करने की साजिशें और बातें रचने लगे हैं।' अपने राजनैतिक विरोधियों और दुश्मनों को बेहद कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए विधायक ब्रजभूषण ने मंच से हुंकार भरी। उन्होंने शायराना और आक्रामक अंदाज में कहा, 'अरे नादान विरोधियों, नदी के किनारे शांत बैठकर इस समंदर की गहराई को नापने की भूल करना अब पूरी तरह छोड़ दो। अभी तो हम सिर्फ अपनी मर्यादा और कायदे-कानून के दायरे में रहकर इस देश की आम जनता, किसानों और बेरोजगार नौजवानों को इंसाफ दिलाने की सामान्य बात कर रहे हैं।' विधायक यहीं नहीं रुके, उन्होंने अपने भाषण में आगे कहा, 'विरोधी याद रखें कि अभी तो हमने अपने हाथ में तलवार उठाई ही नहीं है, वैसे भी तलवार उठाने का हमारा इतिहास सदियों पुराना है और पूरा देश हमारे शौर्य को जानता है। चूंकि आज के दौर में देश के भीतर एक लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू है, इसलिए हम भी पूरी तरह से कानून और लोकतंत्र के रास्ते पर चलकर अपनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार बैठे हैं।' ब्रजभूषण राजपूत ने कार्यक्रम में मौजूद हजारों युवाओं के भीतर नया जोश भरते हुए उनसे सीधे तौर पर समर्थन की मांग की। उन्होंने युवाओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि अगर समाज का हर एक नौजवान इसी तरह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर मजबूती से खड़ा रहेगा, तो वे आने वाले समय में पूरे उत्तर प्रदेश के भीतर लोधी समाज को तरक्की की दौड़ में सबसे आगे ले जाने का ऐतिहासिक काम करके दिखाएंगे। विधायक के इस आक्रामक और बागी तेवर वाले शक्ति प्रदर्शन ने अब विपक्षी दलों के साथ-साथ खुद बीजेपी के बड़े रणनीतिकारों को भी पूरी तरह से सोच में डाल दिया है।

# स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलों में बनेगा 'स्पेशल सेल' मुख्य सचिव

## प्रदेश के शत-प्रतिशत वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हो सुनिश्चित

### -मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों व नगर आयुक्तों के साथ स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री एस.पी.गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों एवं नगर आयुक्तों के साथ स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की समीक्षा की। बैठक में मिशन के विभिन्न घटकों की प्रगति, नगर निकायों में लंबित परियोजनाओं, भूमि संबंधी समस्याओं, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों तथा जिला स्तर पर आवश्यक सहयोग की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों एवं नगर निकायों को निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन के सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा प्रत्येक स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी 13,924 वार्डों में 100 प्रतिशत घर-घर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए। धार्मिक, पर्यटन एवं विरासत स्थलों पर पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराते हुए प्रतिदिन दो बार सफाई व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1533 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन परियोजनाओं के लिए भूमि संबंधी समस्याएं लंबित हैं, उनका शीघ्र समाधान कर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन समय पर तैयार कर स्वीकृति हेतु निदेशालय को भेजा जाए। राज्य स्तर से स्वीकृत परियोजनाओं के टेंडर एवं क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी न हो तथा इसकी नियमित निगरानी की जाए। बैठक में प्रत्येक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन पर चार अलग-अलग डस्टबिन उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक घर, वार्ड एवं नगर निकाय स्तर पर चार-स्तरीय कचरा पृथक्करण (गीला, सूखा, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल अपशिष्ट) के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि पृथक किए गए कचरे को संबंधित प्रसंस्करण इकाइयों तक ही भेजा जाए। मुख्य सचिव ने सभी संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं के सुचारु संचालन पर विशेष बल देते हुए कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं की निगरानी के लिए स्पेशल सेल प्रभावी रूप से कार्य करे तथा क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी कचरा प्रसंस्करण संयंत्रों पर सीसीटीवी कैमरे, निर्बाध विद्युत एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से की जा सके। मुख्य सचिव ने रीड्यूस-रीयूज-रीसायकल केंद्रों को बढ़ावा देने, अधिकृत रीसाइक्लर्स के साथ समझौते करने तथा सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपचारित जल के सुरक्षित उपयोग की नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए उद्योगों एवं सिंचाई में एसटीपी (स्ञ्ञक्क) के पुनर्चक्रित जल के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी जिलों में कोई भी गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट न रहे तथा सभी टैप्ड एवं अनटैप्ड नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। नगर निकायों में पर्याप्त सफाईकर्मी एवं संसाधन उपलब्ध हों तथा यूजर चार्ज एवं नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई प्रभावी ढंग से लागू की जाए। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुरूप नगर निकायों के उपविधियों को शीघ्र अधिसूचित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कम्पोस्टिंग प्लांट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, नगर ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों तथा लीगेसी वेस्ट रेमेडिएशन कार्यों की नियमित समीक्षा करने, खुले में कचरा फेंकने एवं जलाने की घटनाओं को पूर्णतः रोकने तथा पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डंपिंग स्थलों का वर्चुअल एवं भौतिक निरीक्षण कर प्रत्येक पखवाड़े राज्य स्तर पर रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनपद स्तर पर एक 'स्पेशल सेल' का गठन करें, जो स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। आवश्यकता पड़ने पर यह सेल नियमों का उल्लंघन करने वाले बड़े ठोस अपशिष्ट उत्पादकों के विरुद्ध जल एवं विद्युत आपूर्ति बंद करने जैसी आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को निर्देश भी जारी करेगा। बैठक में जिलाधिकारियों की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए कहा गया कि प्रत्येक नगर निकाय का नियमित निरीक्षण, समस्याओं का समयबद्ध समाधान, वित्तीय संसाधनों का प्रभावी उपयोग, जीपीएस एवं सीसीटीवी आधारित निगरानी, अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों को समय पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराना, आरडीएफ एवं लीगेसी वेस्ट के निस्तारण में सहयोग, अधिकृत रीसाइक्लर्स के साथ समन्वय, नगर निकायों को निविदा एवं खरीद प्रक्रिया में मार्गदर्शन तथा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए भूमि उपलब्ध कराने जैसे कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। सभी विभाग उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सतत विकास की दिशा में अग्रणी राज्य बनाने के लिए आपसी समन्वय एवं प्रतिबद्धता से कार्य करें। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास श्री पी0गुरूप्रसाद, सचिव नगर विकास श्री अनुज कुमार झा सहित जनपद झांसी से जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी, अपरजिलाधिकारी विद्या एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

### -पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गरौठा सिद्धार्थ गौतम व पूर्व विधानसभा प्रभारी गरौठा रूप सिंह चौधरी को पार्टी से निष्कासित किया गया



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में आज दिनांक 13 जुलाई 2026 को पार्टी की जिला स्तरीय बैठक किसान बाजार में आहूत की गई। बैठक के मुख्य अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी झांसी मंडल लालाराम अहिरवार रहे। विशिष्ट अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईया रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बी डी फूले ने की मुख्य अतिथि लालाराम अहिरवार जी ने चारों विधानसभाओं कि सेक्टर व बूथ की समीक्षा कर अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा है कि 2027 में हमें बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए बूथ स्तर पर तेजी लानी होगी। और सर्व समाज में भाईचारा बनाना होगा। तभी हमारी बिगड़ी हुई बात बन सकती है। आज सर्व समाज बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए आशा भरी निगाह से देख रहा है। विशिष्ट अतिथि रामबाबू चिरगईयां ने अपने संबोधन में कहा है कि आज देश में भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों के कारण आम आदमी परेशान है। इस मौके पर मंडल प्रभारी मुन्ना पाली, मुख्य मंडल संयोजक कैलाश पाल, मुख्य मंडल संयोजक जयपाल अहिरवार,मंडल प्रभारी वाहिद हुसैन, मंडल प्रभारी संतोष राज वर्मा, अनीश राईन, अमित वर्मा, आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये और 2027 में बहुजन समाज पार्टी कि सरकार बनाने का संकल्प लिया।

बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विपिन सिंह ने किया। बैठक में आए हुए सभी का आभार जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय श्रीवास ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मदनलाल अहिरवार पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र दत्त गौतम बीके गौतम,बबीना विधानसभा प्रभारी मेवा लाल चौधरी, एडवोकेट रिंकू अहिरवार, विधानसभा प्रभारी गरौठा अनिल फौजी, गरौठा विधानसभा उपाध्यक्ष जमुना पाल, बबीना विधानसभा अध्यक्ष छोटेलाल अहिरवार, झांसी विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर, मऊरानीपुर विधानसभा अध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी, गरौठा विधानसभा अध्यक्ष अनिल सरदार, अमित बेंदया, मनोज अहिरवार, रामानुग्रह, दीपू गौतम, सेक्टर अध्यक्ष भट्टा गांव सतपाल, रविंद्र जहरीला, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर सर्व सम्मति से व मुख्य मंडल प्रभारी की संस्तुति पर

जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र अहिरवार

जिला सचिव बालकृष्ण प्रजापति

222 बबीना विधानसभा सचिव मनोज नांगिल

222 बबीना विधानसभा कोषाध्यक्ष संतोष ठेकेदार

222 बबीना विधानसभा बी बी एफ संयोजक राजेंद्र भोजला को सर्व सम्मति से पार्टी का पदाधिकारी मनोनीत किया गया। - पार्टी में अनुशासनहीनता करने के आरोप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गरौठा सिद्धार्थ गौतम व पूर्व विधानसभा प्रभारी गरौठा रूप सिंह चौधरी को पार्टी से निष्कासित किया गया

# मां मुझे माफ करना...उसके बिना जी नहीं सकता

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद में गर्लफ्रेंड के शादी से इनकार करने के बाद एक 25 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। जान देने के पहले युवक ने व्हाट्सएप स्टेटस लगाया- सॉरी मां, मुझे माफ कर देना। मैं अच्छा बेटा नहीं बन पाया। मैं उसके बिना नहीं जी सकता।

रविवार सुबह करीब 5 बजे घर से 12 किलोमीटर दूर खजराहा बुजुर्ग रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में ऐसा लग रहा कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। दरअसल, उसका एक युवती से करीब दो साल से प्रेम संबंध था। युवक ने जब युवती के घर जाकर शादी का प्रस्ताव रखा तो उसने परिवार के सामने ही इनकार कर दिया। उसने कहा- मैं तुमसे प्यार नहीं करती। इसके बाद उसने युवक से बातचीत भी बंद कर दी थी। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के नगरा निवासी दिनेश रायकवार अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटे आकाश (28), विकास (25) और बेटी खुशबू हैं। बड़े बेटे आकाश ने बताया, हम तीनों भाई-बहनों की अभी शादी नहीं हुई है। विकास कारपेंटर का काम करता था। उन्होंने बताया कि विकास का करीब दो साल से एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। विकास ने अपने परिवार को भी इस रिश्ते के बारे में बताया था। परिजनों का आरोप है कि वह अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा युवती पर खर्च करता था, लेकिन युवती उसे धोखा दे रही थी। आकाश ने बताया कि कुछ दिन पहले विकास युवती के घर शादी का प्रस्ताव लेकर गया था। उस समय युवती के परिवार के लोग भी मौजूद थे। युवती ने परिवार के सामने ही शादी से साफ इनकार कर दिया। उसने कहा, मैं तुमसे प्यार नहीं करती। इसके बाद उसने विकास से बातचीत भी बंद कर दी। परिजनों का कहना है कि इस घटना के बाद विकास गहरे सदमे में चला गया और मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। आकाश ने बताया कि 9 जुलाई की रात करीब 9 बजे विकास मां से यह कहकर घर से निकला कि वह एक घंटे में लौट आएगा। कुछ देर बाद बहन ने उसे फोन कर बताया कि मां की तबीयत खराब है और दवा लेते आना। इस पर उसने अपने एक दोस्त के जरिए दवा घर भिजवा दी। इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। रात 11:09 बजे उसने व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाया, जिसमें लिखा था, ह्लसॉरी मां, मुझे माफ कर देना। मैं एक अच्छा बेटा नहीं बन पाया। मैं उसके बिना नहीं जी सकता। मुझे माफ कर देना ह्व स्टेटस देखने के बाद परिवार ने उसकी तलाश तेज कर दी, लेकिन तीन दिन तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह घर से करीब 12 किलोमीटर दूर खजराहा बुजुर्ग रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर विकास का शव मिला। उसके पास मोबाइल भी मिला था। जीआरपी ने मोबाइल के जरिए परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलने पर परिवार थाने पहुंचा और शव की पहचान की। इसके बाद जीआरपी ने पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया। रविवार शाम करीब 6 बजे शव परिजनों को सौंप दिया गया। भाई आकाश का आरोप है कि युवती के धोखे की वजह से ही विकास ने यह कदम उठाया। उन्होंने युवती के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में गूंजीं पत्रकार हितों की आवाज़, बुंदेलखंड रत्न सम्मान से विभूतियाँ अलंकृत

## मुख्य अतिथि डॉ. संदीप बोले- लोकतंत्र की सबसे सशक्त कड़ी हैं पत्रकार, उनके सम्मान और सुरक्षा को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता



( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की वीरभूमि झाँसी स्थित आईएमए भवन रविवार को पत्रकारिता, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों के अद्भुत समागम का साक्षी बना। नेशनल पत्रकार एसोसिएशन भारत के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं बुंदेलखंड रत्न सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी रहे, जबकि महापौर बिहारी लाल आर्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊँचाई प्रदान की।

सम्मेलन में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, सामाजिक संरक्षण तथा बदलते दौर में पत्रकारिता की चुनौतियों पर गंभीर और सार्थक मंथन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि आज निष्पक्ष पत्रकारिता करना अत्यंत साहस और समर्पण का कार्य बन चुका है। अनेक कठिन परिस्थितियों के बावजूद पत्रकार समाज और जनहित के मुद्दों को पूरी निष्ठा से सामने लाने का दायित्व निभा रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता पत्रकारों की निर्भीकता और निष्पक्षता पर आधारित है। पत्रकार केवल समाचारों के वाहक नहीं, बल्कि समाज की चेतना के प्रहरी हैं। उन्होंने पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए ठोस नीतियाँ बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में केंद्र एवं राज्य सरकार से पत्रकारों के लिए आवास, पेंशन, रेल यात्रा में रियायत, स्वास्थ्य सुविधाएँ, बीमा तथा पत्रकार एवं उनके परिवार की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की पुरज़ोर मांग की गई। विभिन्न राज्यों से आए पत्रकार प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखते हुए पत्रकार एकजुटता और संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम का सांस्कृतिक पक्ष भी अत्यंत आकर्षक रहा। मथुरा-वृंदावन से आए सांस्कृतिक दल ने श्रीराधा-कृष्ण की मनोहारी लीलाओं एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। मधुर संगीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को भक्तिरस और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर देशभर से आए लगभग 150 पत्रकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को 'बुंदेलखंड रत्न सम्मान' से अलंकृत किया गया। अतिथियों ने सभी सम्मानित जनों को स्मृति चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर उनके योगदान का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पवन झा, पं. रामगोपाल शर्मा, शीतल तिवारी, रामकिशन अकेला, रामसेवक अरजरिया, ओमप्रकाश परिहार, आलोक श्रीवास्तव, अतर सिंह परिहार, धर्मेंद्र तिवारी, विजय दुबे, मृदुल तिवारी, राकेश सेन, आशीष उपाध्याय, बिहारीलाल साहू, मनोज ओझा, धीरेन्द्र रायकवार, मनोज राय, अनूप साहू, फिरोज अली, आनंद साहू सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। साथ ही एसोसिएशन संरक्षक सुधीर जैन, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह गौर, महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा झा, रामजी परिहार, छत्रपाल सिंह राजपूत, अक्षय जैन, राजेन्द्र सिंह बुंदेला, लला महाराज, सोनू शिवहरे, कमलेश झा, अमित सोनी, राजेश्वरी रचना, हरीश चंद विद्रोही, मिलन परिहार, प्रज्ञा राजपूत, सोनम तिवारी, सुनीता सिंह, आरती अग्रवाल सहित विभिन्न राज्यों से आए पत्रकार प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन रहीश फरीदी (ग्वालियर) एवं मंगल सिंह सेंगर ने किया, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनंदन जैन ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता का श्रेय सभी प्रतिभागियों को दिया।

# गुजरात के व्यापारी के मुनीम से 24.90 लाख की लूट का खुलासा, दो सिपाहियों समेत छह गिरफ्तार

## 5 दिन पहले दिनदहाड़े पुलिस की सरपरस्ती में दिया था घटना को अंजाम

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** गुजरात के ड्राई फ्रूट व्यापारी के मुनीम का 5 दिन पूर्व गुरुवार को दिनदहाड़े अपहरण कर 24.90 लाख रुपये की लूट की सनसनीखेज वारदात का झांसी पुलिस ने आज सोमवार को खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो पुलिसकर्मियों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक सिपाही सहित चार अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस ने लूटी गई पूरी रकम और घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है।

सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि गुजरात के अहमदाबाद निवासी किशन दिलीपभाई पंचाल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, मिनर्वा चौराहे के पास चार पहिया वाहन सवार बदमाशों ने उन्हें और उनके साथी के साथ मारपीट कर बैग में रखे 24 लाख 90 हजार रुपये लूट लिए थे। इसके बाद दोनों का अपहरण कर उन्हें कानपुर हाईवे पर छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने कोतवाली पुलिस को शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दतिया निवासी गौरव यादव, खुशीपुरा निवासी सूर्यांश यादव (पुत्र चंदन यादव उर्फ बृजेंद्र सिंह यादव), बालमपुर निवासी सुखवीर, महावीरनपुरा निवासी सूरज सिंह तथा जालौन पुलिस में तैनात सिपाही राघवेंद्र राजपूत और मनोज शामिल हैं। वहीं जालौन पुलिस लाइन में तैनात सिपाही नीरज राजपूत समेत अंकित यादव, संस्कार तेजवानी और नितिन तेजवानी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पूछताछ में मास्टरमाइंड सूर्यांश यादव ने बताया कि वह ऑनलाइन सट्टा खेलता था और इस दौरान उस पर करीब 24 लाख रुपये का कर्ज हो गया था। सट्टा संचालक नितिन और संस्कार तेजवानी हवाला के माध्यम से रुपये का लेनदेन करते थे। इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि गुजरात का व्यापारी बड़ी रकम लेकर झांसी आने वाला है। कर्ज चुकाने के उद्देश्य से उसने अपने साथियों और पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची। घटना में प्रयुक्त वाहन की व्यवस्था भी पुलिसकर्मियों ने कराई थी। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई पूरी 24.90 लाख रुपये की नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद कर ली है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस घटना में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आने से पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718